तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 सीएम साय ने कहा- छत्तीसगढ़ का मान-सम्मान आप लोगों ...



13 भिलौनीवासियों ने निकाली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा



# मकर संक्रांति पर सूर्य हुआ उत्तरायण श्रद्धालुओं ने विभिन्न जलाशयों में किया पुण्य स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न नदियों, तालाबों में पुण्य स्नान किया। तदुपरांत देवालय में जाकर पूजा-अर्चना की और बाद में यथाशक्ति दान किया। सुबह श्रद्धालुओं ने जल में तिल डाल कर स्नान किया, तदुपरांत विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में जाकर दर्शन किया और आशीर्वाद लिया। तिल और गुड़ के लड्डू एवं अन्य व्यंजन, फल दान किया गया। वहीं कई सुहागनों ने सुहाग सामग्रियां दान की। ऐसा माना जाता है कि इससे उनके पति की आयु लंबी होती है। मकर संक्रांति का त्योहार, सूर्य के उत्तरायण होने पर मनाया जाता है। इस पर्व की विशेष बात यह है कि यह अन्य त्योहारों की तरह अलग-अलग तारीखों पर नहीं, बल्कि हर साल 14 अथवा 15 जनवरी को ही मनाया जाता है। जब सूर्य उत्तरायन होकर मकर रेखा से गुजरता है। इस बार भी 15 जनवरी सोमवार को संक्रांति पर्व मनाया गया। यह पर्व हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है, मकर संक्रांति का संबंध पृथ्वी और सूर्य की स्थिति से है। जब भी सूर्य मकर रेखा पर आता है, इस दिन मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार इस पर्व के पकवान भी अलग-अलग होते हैं। लेकिन दाल और चावल की खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान बन चुकी है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है। इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्राति पर बेहद महत्व है।

## देवालयों में पूजा-अर्चना के साथ किया गया दानपुण्य

### मांगलिक कार्य प्रारंभ

जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो मकर संक्रांति होती है। इसके साथ ही खरमास समाप्त हो जाते हैं और शादी-विवाह, मुंडन, छेदन जैसे मांगलिक और शुभ काम होना शुरू हो जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन स्नान के साथ दान करना काफी शुभ माना जाता है। इस दिन ऐसा करने से पापों से मुक्ति मिलने के साथ पुण्य की प्राप्ति होता है।

### साधना का सिद्धिकाल



सूर्य के उत्तरायण होने के बाद से देवों की ब्रह्म मुहूर्त उपासना का पुण्यकाल प्रारंभ हो जाता है। इस काल को ही परा-अपरा विद्या की प्राप्ति का काल कहा जाता है। इसे साधना का सिद्धिकाल भी कहा गया है। इस काल में देव प्रतिष्ठा, गृह निर्माण, यज्ञ कर्म आदि पुनीत कर्म किए जाते हैं।

### पितरों को तर्पण भी दिया गया

महाभारत में भीष्म पितामह ने सूर्य के उत्तरायण होने पर ही माघ शुक्ल अष्टमी के दिन स्वेच्छा से शरीर का परित्याग किया था। उनका श्राद्ध संस्कार भी सूर्य की उत्तरायण गति में हुआ था। इसीलिए पितरों की प्रसन्नता के लिए तिल अर्घ्य एवं जल तर्पण की प्रथा मकर संक्रांति के अवसर पर प्रचलित है। इन सभी मान्यताओं के अलावा मकर संक्रांति पर्व एक उत्साह और भी जुड़ा है। इस दिन पतंग उड़ाने का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन कई स्थानों पर पतंगबाजी के बड़े-बड़े आयोजन भी किए जाते हैं। लोग बेहद आनंद और उल्लास के साथ पतंगबाजी करते हैं।

## खबर संक्षेप

### गुरेदा में मड़ई-मेला आज

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी गुरेदा के तत्वावधान में आज 16 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष कमलेश, सरपंच हेमंत निषाद, देवेंद्र सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे से ज्ञान के पूजा मूडमाडी नाचा पार्टी महाराष्ट्र वालों का आयोजन रखा गया है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### ग्राम सांकरी में मेला मड़ई कल

**लाटाबोड़।** ग्राम सांकरी में 17 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। उपसरपंच युगल ताम्रकार एवं पंच प्रकाश सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक नाच पार्टी ग्राम घीना (अर्जुन्दा) वाले अपनी प्रस्तुति देंगे।

### कुथरेल में मड़ई-मेला आज

**अंडा।** क्षेत्र के ग्राम कुथरेल में 16 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सरपंच राजश्री प्रदीप चन्द्राकर, उपसरपंच लोमश चद्राकर व प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे से मोर संगी जहुंरिया नाचा पार्टी ग्राम गुजरा जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### किसानों ने अब तक बेचा 1283.65 करोड़ का धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 164 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 24 हजार 132 किसानों द्वारा कुल 05 लाख 86 हजार 208 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1283 करोड़ 67 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 04 लाख 88 हजार 993 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 03 लाख 66 हजार 352 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 19 हजार 856 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5623 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 20 हजार 631 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### बघमरा में भक्त गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम आज

**गुण्डरदेही।** पंचगैहा निषाद समाज व समस्त ग्रामवासी ग्राम बघमरा के तत्वावधान में मंगलवार 16 जनवरी को राम जानकी मंदिर प्रांगण बघमरा में भक्त गुहा निषाद राज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद राजेन्द्र निषाद करेंगे।

## प्राण प्रतिष्ठा : भद्रकाली व राममंदिर में होगा मुख्य आयोजन

# श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में होंगे भव्य धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धार्मिक नगरी अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में भव्य एवं वृहद रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा आयोजन के लिए राशि आवंटित की गई है। आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों, धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी और इन संस्थानों के साथ समन्वय और सहयोग से भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इसी को लेकर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में अयोध्या में आयोजित "श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव" के मद्देनजर ज़िले में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के संबंध में ज़िला अधिकारियों और आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों, धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों के सदस्यों की भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर ने पहले सभी का परिचय लिया।

### कलेक्टर ने तैयारियों को लेकर संबंधितों की ली बैठक



### प्रत्येक मंडली को मिलेगी 5 हजार की प्रोत्साहन राशि

कलेक्टर श्री शर्मा ने शासन की मंशानुरूप आयोजन की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्कृति एवं राजभाषा के साथ ज़िले में पंजीकृत क्रियाशील मानस मंडलियां हैं। राज्य शासन के घोषणा अनुरूप इन सभी मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडलियों को 5000 रू. राशि प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ने पूरी पारदर्शिता और गंभीरता से आयोजन करने की बात कही। उसके लिए सबके सहयोग की अपेक्षा की। विधायक दीपेश साहू और सभी के एकमत से ज़िला स्तरीय कार्यक्रम भद्रकाली और राम मंदिर में आयोजित होगा।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

विकासखण्ड स्तर में भी कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में 22 जनवरी को दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान एवं लाईटिंग की व्यवस्था की जाएगी। मंदिर प्रांगण में क्षेत्र की 5 मानस मंडलियों के मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कार्यक्रम आयोजन के लिए नोडल अधिकारी सीईओ ज़िला पंचायत व सहायक नोडल अधिकारी सीएमओ बेमेतरा भूपेन्द्र उपाध्याय है। उन्होंने कहा भव्य आयोजन के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की।

### अयोध्या के आयोजन का होगा लाइव टेलीकास्ट

22 जनवरी को दीप प्रज्जवलन, दीपदान मंदिर के पीछे तालाब में होगा। सुझाव अनुसार अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की भक्तगणों / श्रद्धालुओं को सीधा प्रसारण देखने की राम मंदिर में व्यवस्था की जाएगी। मंदिर समिति सदस्यों ने कहा कार्यक्रम की समय सारणी मंगलवार को समिति के बैठक के बाद तय होगी। ग्राम पंचायत के मंदिरों में भी सजावट एवं लाइटिंग की बात कही गयी। मंदिरों को फूलों से सजाया जायेगा। इसके अलावा बेमेतरा के मुख्य चौराहों पर भी लाइटिंग की जाएगी। मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं आवश्यक मरम्मत आदि की जाएगी। साथ ही मंदिरों के सजावट आदि भी की जाएगी। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, ज़िला स्तरीय अधिकारी, सहित धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

## जिले में धान के कम उठाव से कलेक्टर हुए नाराज...

# बहानेबाजी से नहीं चलेगी रिजल्ट दिखना चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सोमवार को जिले के राइर्स मिलर्स के साथ ही खाद्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। उपार्जित धान की मिलिंग की गति धीमी होने पर नाराजगी जताते हुए श्री शर्मा ने जल्द से जल्द धान उठाव करने के निर्देश दिये।

■ अधिकारियों तथा जिले के राइस मिलर्स की बैठक ली

इसके साथ ही कहा कि समय-सीमा में मिलिंग नहीं होने पर मिलर्स तथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य कर उपार्जन, मिलिंग, स्टोरेज, वेयर हाउस संबंधी दिक्कतों को अपने स्तर से निराकृत करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि कस्टम मिलिंग का कार्य करने के लिए 106 अरवा एवं 8 उसना राइस मिले पंजीकृत है। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी नीतीष त्रिवेदी ने बताया कि जिले में उपार्जित 7 लाख 41 हजार 45 मीट्रिक टन धान मे से 5 लाख 1 हजार 925 मीट्रिक टन धान जिले के राइस मिलरों द्वारा उठाव किया जा चुका है। 2 लाख 39 हज़ार 119 मीट्रिक टन धान उठाव होना है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि मिलर्स अपने मिलिंग क्षमतानुसार धान का उठाव शीघ्र करें। उन्होंने कहा कि मैदानी ज़िला होने से अन्य ज़िलों से परिवहन, कनेक्टिविटी की स्थिति बेहतर होने के बाबजूद अन्य ज़िलों से धान उठाव में हम पीछे है। यह स्थिति चिन्ताजनक है। इसका मतलब मिलर्स धान का उठाव सुचारू रूप से नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई समस्या है तो उसका समाधान हो सकता है।

बहानेबाज़ी ▶▶| शेष पेज 13 पर

## भिभौरी कॉलेज में हुआ स्वीप कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवीन शासकीय महाविद्यालय भिभौरी में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एआरओ नायब तहसीलदार बेरला देशहलहरा उपस्थिति में शुरू हुए इस कार्यक्रम में स्वीप नोडल जीएस भारद्वाज ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 1 जनवरी की स्थिति में व 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन और ऑफलाइन फॉर्म 6ए आवश्यक दस्तावेजों के साथ लिए जा रहे हैं। ताकि महाविद्यालय में अध्यनरत पात्र सभी छात्र-छात्राओं के नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में डॉ. राम कृष्ण साहू, बिसनाथ नेहा सिन्हा, अवनि दुबे, रेणुका सोनी, मौसमी पन्ना, नीलमणी मानिकपुरी, टिकेश्वरी साहू, अमित लाल साहू अतिथि व्याख्यातागण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 12 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**बेमेतरा।** कलेक्टर रनबीर शर्मा द्वारा जिले के 3 विपत्तिग्रस्त परिवार को 4-4 लाख रुपये की मान से 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। संयुक्त जिला कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बेरला के ग्राम अछोली निवासी दिलीप साहू की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन गायत्री साहू को 4 लाख, तहसील नवागढ़ के ग्राम गांगपुर निवासी नीरज ध्रुव की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन रामअवतार ध्रुव को 4 लाख रुपये एवं तहसील साजा के ग्राम तेन्दुवा निवासी कृष्णा पटेल की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन चित्ररेखा पटेल को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिलाधीश ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के माध्यम से हितग्राहियों/आवेदक के बैंक खाते में सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# नवागढ़ में होगा अहीर नृत्य महोत्सव-2024

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

रविवार को नवागढ़ में जिला युवा प्रकोष्ठ ठेठवार यादव समाज की बैठक आयोजित किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व आरती के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। इस बैठक में नवागढ़ के अलावा आसपास के इलाकों से समाज के सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया।

■ ठेठवार यादव समाज के जिला स्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय



वार्षिक कार्यक्रम के रूप में यादव महोत्सव-2024 अहीर नृत्य महोत्सव का आयोजन ठेठवार यादव समाज व युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में जिला स्तरीय कार्यक्रम को इस बार नवागढ़ में आयोजन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल रहेंगे। बैठक में ब्लॉक स्तर पर युवा प्रकोष्ठ को सक्रिय करने हेतु अगामी जिला बैठक को अलग-अलग जगहों पर करने का निर्णय लिया। जिला में ठेठवार बसाहट(निवासरत) वाले गांव को संगठन में प्रमुखता से जोड़ना व भिन्न-भिन्न क्षेत्रों जैसे राज व पार व्यवस्था के प्रमुखों से संपर्क कर जिला मुख्यालय में बैठक आयोजित करना, जिल में चल रहे ठेठवार समाज द्वारा मंजिल फाउंडेशन के लिए आगामी बैठक में रूपरेखा बनाकर जिम्मेदारी तय करने की बात कही गई।

बैठक में प्रदेश व जिला संरक्षक रामसिंह यादव, प्रदेश सलाहकार जिला संरक्षक जितेन्द्र यदु, राधेश्याम यदु, भागीरथी यदु,जगदीश यदु, सरोज यदु, संतोष यदु, जिलाध्यक्ष डा. बीपी यदु, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला महासचिव डा. रविनारायण यदु, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम यदु,संजय यदु किरता तार्केश्वर यदु,हेमंत यदु,नवागढ़ ब्लॉक के पदाधिकारी संरक्षक रूपप्रकाश यादव,रामकृष्ण यदु,सीताराम यदु, रजवाराम यदु, रामकृष्ण यदु,ब्लॉक अध्यक्ष अवतार यदु उपाध्यक्ष राजेश यदु,रोहित कुमार यदु,संगठन मंत्री तोपचन्द यदु,त्रिलोक यदु, डोमन यदु,सनत यादव, केशो यदु, मोहन यदु,बसंत यदु,कुंजराम यदु,अशोक, यदु, भोपराम यदु मेघराज यादव, होमराज यदु, रामअवतार यदु,कृष्णकुमार यदु,दाऊराम यदु, प्रमोद यादव, मुकेश यदु आदि बैठक में उपस्थिति थे।

## 22, 26 व 30 को नहीं खुलेंगी मदिरा दुकानें

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के आदेशानुसार सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी प्रकार कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर निर्देशानुसार देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन निर्देश के बिन्दु क्रमांक 16(16.1) के अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भण्डागार, बालोद को 22 जनवरी, 26 एवं 30 जनवरी को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया गया है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## कलेक्टर शर्मा ने आवेदनकर्ताओं को दिया निराकरण का भरोसा

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा निर्वाचन सामान्य निर्वाचन 2023 के चलते स्थगित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन नव पदस्थ कलेक्टर रणबीर शर्मा की पहल पर आज सोमवार से शुरू हुआ। सोमवार को दर्जनों नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं / शिकायत संबंधी आवेदन दिये। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए आम नागरिकों की समस्याओं/ शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित को निराकरण का भरोसा दिया।



पुनः शुरू कलेक्टर जनदर्शन में नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित तक़रीबन 50 आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम पंचायत अमोरा निवासी लोकसिंह वर्मा ने नल-जल कनेक्शन प्रदाय करने हेतु आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम माटरा निवासी देवलाल वर्मा ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम हरिहरपुर निवासी सुनीता देवी राजपूत ने रबी फसल 2022-23 के बीमा राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया।

ग्राम पंचायत करमसेन में प्राथमिक शाला भवन स्वीकृत करने के संबंध में आवेदन दिए। इसके अलावा कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान कराने, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, धान की फसल बलपूर्वक काटकर चोरी करने वाले के उपर कार्यवाही करने, शौचालय निर्माण की राशि प्रदाय करने, सड़क निर्माण में हुए नुकसान का क्षतिपूर्ति करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, सी.एल.मार्कण्डेय सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### चलाया मंदिर स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** प्रधानमंत्री के आव्हान पर देशभर के मंदिरों में मंदिर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सामाजिक संस्था प्रमा फाउंडेशन रायपुर के सभी स्वयंसेवकों ने रविवार को राजधानी रायपुर के बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के रावांभाठा में स्थित मां बंजारी मंदिर परिसर में साफ-सफाई की। साथ ही बिरंगाव निगम के कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय और वार्ड 30 के पार्षद खेमलाल साहू ने भी विशेष रूप से श्रमदान किया। इस अभियान में राजकुमार मिश्रा, नयन शर्मा, मनीष धुरंधर, उषा साहू, दुर्गेश निषाद, भूपेश नायक आदि शामिल थे।

### वृंदावन हॉल में नववर्ष मिलन समारोह 20 को

**रायपुर।** श्री गौरीशंकर सेवा समिति द्वारा नववर्ष मिलन समारोह और संस्था की स्मारिका का विमोचन होगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 20 जनवरी को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में समाजसेवियों और विशिष्ट बच्चों का सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी समिति के सचिव संतोष हियाल ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा होंगे।

### सिंधु संस्कार ने मनाया लाल लोई पर्व

**रायपुर।** सामाजिक संस्था सिंधु संस्कार समिति ने मकर संक्रांति पर्व पर तेंदुला बांध में लाल लोई पर्व मनाया। इस दौरान विधि विधान से बहराणा साहिब की पूजा-अर्चना की गई। ईष्टदेव भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष जोत जलाकर पुष्पहार अर्पित किए। आरती-पल्लव गाकर भगवान की स्तुति की गई। संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा ने बताया कि इस दौरान तिल के लड्डू और बच्चों को पतंग बांटी गई। झलमला मंदिर में गंगा आरती की तथा संकल्प लिया कि अपनी भाषा, संस्कार एवं धर्म का हमेशा सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में भावना नथानी, शांति रोहरा, रेशमा, कविता मोटवानी, सुमन, ज्योति, आशा, सावित्री, सपना, मनीषा, पूजा, पूनम आदि शामिल हुईं।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. संजय का सम्मान

**रायपुर।** आईसीएफएआई रायपुर के एफएमएस विभाग द्वारा आयोजित सामायिक रुझान और वैज्ञानिक अनुसंधान के बुनियादी सिद्धांत विषय पर एक कार्यशाला का समापन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के संयोजक डॉ. संजय यादव को उनके सराहनीय कार्य, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशंसापत्र भेंट किया गया।

पेज 11 का शेष

### बहानेबाजी से नहीं ...

से काम नहीं चलेगा, परिणाम दिखना चाहिए। उन्होंने चार-पांच दिन में धान उठाव के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समय पर भारतीय खाद्य निगम में चावल भी जमा करें। राईस मिलर्स द्वारा कुछ समस्याएं भी बतायी गयी। जिस पर कलेक्टर ने राईस मिलर्स को आश्वासन दिया कि उनकी परिवहन संबंधित समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण कर दिया जाएगा। बैठक में उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला विपणन अधिकारीए जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं मिलर्स उपस्थित थे।

# कोटा-गुढ़ियारी में बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा 23 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर संत पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री राजधानी रायपुर के विवेकानंद विद्यापीठ के सामने कोटा रोड गुढ़ियारी में हनुमंत कथा सुनाने आएंगे। पांच दिवसीय हनुमंत कथा के साथ वे दिव्य दरबार लगाकर श्रद्धालुओं की समस्याएं सुनेंगे।

इसके लिए 40 एकड़ क्षेत्र में भव्य पंडाल बनाया जाएगा, जिसकी खासयित ये रहेगी, कि प्रमुख द्वार पर रामभक्त हनुमान की गदा नजर आएगी। वहीं कथा मंच पर सीना चीरकर अपने ईष्टदेव का दर्शन कराते हनुमान की विशाल आकृति श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। 23 से 27 जनवरी तक आयोजित हनुमंत कथा को भव्य बनाने आयोजन समिति जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई है। आयोजन समिति के प्रमुख चंदन-बसंत अग्रवाल, दिनेश मिश्रा ने शनिवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, व्यवस्था के संबंध में 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे धर्मप्रेमियों की बैठक रखी गई है, जिसमें व्यवस्था प्रभारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी, साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। 5 दिवसीय कथा आयोजन के दौरान प्रदेश के सुदूर अंचलों में ऐसे लोग, जो हिंदू सनातन धर्म छोड़कर दूसरे धर्म में चले गए, उनकी घर वापसी पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के सानिध्य में कराई जाएगी। पत्रकारों से चर्चा में बसंत अग्रवाल ने बताया, हनुमंत कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दोपहिया और चौपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग व्यवस्था निशुल्क रहेगी। इसके साथ ही लोगों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी समुचित इंतजाम किए जा रहे हैं।

**पांच दिवसीय कथा के साथ लगेगा दिव्य दरबार, 40 एकड़ में सजेगा पंडाल**



- प्रमुख द्वार पर नजर आएगी हनुमान की गदा
- मंच पर सीना चीरकर राम-सीता का दर्शन कराते हनुमान नजर आएंगे

### 11 लाख दीप प्रज्वलित कर मनाएंगे 22 को ऐतिहासिक महोत्सव

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के, अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर को यादगार बनाने 22 जनवरी को राजधानी में ऐतिहासिक महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर 11 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे, साथ ही लेजर शो व भव्य आतिशबाजी भी आयोजन स्थल पर देखने को मिलेगी। इसकी तैयारियां उत्साह के साथ की जा रही हैं।

### पूर्व सैनिकों का सम्मान 26 को, निर्धन कन्या विवाह महोत्सव 27 को

चंदन बसंत अग्रवाल ने बताया, हनुमंत कथा के साथ ही 3 महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें पहला कार्यक्रम घर वापसी तथा दूसरा कार्यक्रम पूर्व सैनिकों का सम्मान होगा। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेश के पूर्व सैनिकों और मां भारती की रक्षा करते हुए अपने जान की बाजी लगाने वाले शहीद वीर सपूतों के परिवारों का सम्मान किया जाएगा। कथा के अंतिम दिन निर्धन कन्याओं के विवाह महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस आयोजन में पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की गरिमामयी उपस्थिति में निर्धन कन्याओं का विवाह समिति द्वारा हिंदू रीति-रिवाज और वैदिक परंपरा से कराया जाएगा।

## बिरगांव निगम क्षेत्र में 104 करोड़ की जलप्रदाय योजना का बिगड़ा सिस्टम

# दस महीने में 25 किमी पाइपलाइन नहीं बिछा पाई एजेंसी, दो टंकियों का काम भी आधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

बिरगांव निगम के वार्डों में 25 किलोमीटर तक पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा है। 2020 में खारुन नदी से विद्यमान बिरगांव आवर्धन जलप्रदाय योजना को पूरा करने के लिए सरकार ने 104 करोड़ की मंजूरी दी। इसे मार्च 2023 तक एजेंसी को पूरा करके देना था। समय पर फंड नहीं मिलने के साथ ही पाइप की आपूर्ति में होने वाले विलंब के चलते काम बंद है। इससे सरोरा व अछोली में 10 महीने से टंकियों का निर्माण प्रभावित है।

राजधानी से सटे बिरगांव निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में 25 हजार से ज्यादा परिवार हैं। इनमें से सिर्फ 10 हजार घरों में ही निगम 20 साल में घरेलू और कमर्शियल नल कनेक्शन दे पाया है। वहीं 15 हजार से ज्यादा परिवार ऐसे हैं, जिनको घरेलू नल कनेक्शन भी नहीं मिला है। इसे देखते हुए 2020 में बनाई गई जल आवर्धन योजना अभी तक आकार नहीं ले पाई। इससे हर सीजन में पानी की समस्या झेल रहे परिवारों को राहत भी नहीं मिल पाई है। इसके लिए खारुन नदी का पानी उरला फिल्टर प्लांट में साफ करने के लिए जरूरी निर्माण के बाद एजेंसी ने प्रस्तावित नई टंकियों में से सिर्फ 6 को अभी तक पूरा किया। निगम के मुताबिक समय पर फंड और पाइप की आपूर्ति नहीं होने से एजेंसी ने काम भी बंद कर दिया है।

### 17 के बजाय 15 टंकियों का उपयोग


जलप्रदाय योजना लागू होने से पहले निगम के पास 9 पुरानी टंकियां थीं। जलप्रदाय को बेहतर करने के लिए 8 नई टंकियों का निर्माण निगम ने शुरू कराया, जिसे मार्च 2023 तक पूरा करना था। इससे 35 हजार नल कनेक्शन देने की क्षमता हो जाती। अभी तक 8 नई टंकियों में से 6 जगह ही एजेंसी कर्मियों ने काम पूरा किया है। इसके चलते 17 के बजाय पानी स्टोर करने के लिए सिर्फ 15 टंकियों का ही उपयोग किया जा रहा है। वहीं दो जलप्रदाय टंकियों का निर्माण अभी तक अधूरा है।

**पाइप की आपूर्ति में विलंब, समय पर नहीं मिला फंड, इसलिए काम बंद**

### 35 हजार घरों के लिए बना प्लान

निगम 35 हजार घरों में नल कनेक्शन देने के उद्देश्य से फिल्टर प्लांट और पानी टंकियों का निर्माण करा रहा है। इससे बिरगांव, उरला, अछोली, सरोरा, उरकुरा और रावांभाठा से जुड़े 40 वार्डों में 15 हजार से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन प्रक्रिया में हैं। इस प्रोजेक्ट को 2050 तक के लिए तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट पूरा होने से 10 हजार अतिरिक्त लोगों को निगम प्रशासन नल कनेक्शन दे सकेगा। मांग होने पर जलप्रदाय विभाग उसे पूरा करने में सक्षम हो, इसे देखते हुए योजना बनी।





### फिल्टर होगा 31 एमएलडी पानी

2003 में बिरगांव को नगरपालिका परिषद का दर्जा मिला। इसके बाद 14 एमएलडी क्षमता वाला फिल्टर प्लांट उरला में स्थापित किया गया। जहां से 40 वार्डों में पानी सप्लाई के लिए बनाई गई 9 टंकियों से 10 हजार घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा था। टंकियों और प्लांट की क्षमता कम होने से 15 हजार से ज्यादा परिवारों को निगम के जिम्मेदार नल कनेक्शन नहीं दे पाए हैं। अब प्लांट की क्षमता 17 एमएलडी बढ़ी है। इसके अलावा 8 नई टंकियों में से 6 का निर्माण कार्य ही पूरा किया गया है।

### अगले सप्ताह होगी समीक्षा

जिस एजेंसी को काम की जिम्मेदारी दी गई है, उसने अभी काम बंद कर दिया है। इसे देखते हुए अगले सप्ताह प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा होगी। समय पर फंड नहीं मिलने और पाइप की आपूर्ति प्रभावित होने से इस तरह की स्थिति बनी है।

\- **इकराम अहमद,** प्रभारी, जलकार्य विभाग, ननि बिरगांव

# धीमे-धीमे बढ़ेगी दिन की लंबाई, कड़ाके की ठंड के आसार कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मकर संक्रांति के साथ दिन की लंबाई में बढ़ोतरी होने का दौर शुरू हो जाएगा। आने वाले दिनों में राजधानी में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना काफी कम हो गई है। अभी उत्तरी इलाके में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, मगर अनियमित हवा के प्रभाव से शहर का पारा सामान्य से ज्यादा बना हुआ है। ठंड की थोड़ी वापसी की उम्मीद 19 जनवरी को हवा की दिशा में बदलाव होने के साथ बनने की संभावना है।

- अनियमित हवा की वजह से शहर का पारा अभी भी चार डिग्री तक ज्यादा

मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन से सूर्य की दिशा उत्तरायण होने लगती है। इससे दिन की अवधि धीरे-धीरे बढ़ने लगती है और ठंड का असर कम होने लगता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक कुछ दिन पहले मौसम में बदलाव तो हुआ, मगर इसका असर मिला-जुला रह गया। उत्तरी इलाके में तापमान में तेजी से गिरावट होने की वजह से वहां शीतलहर जैसी स्थिति बन गई, पर मध्य इलाके तक पहुंचते-पहुंचते हवा की दिशा और चाल में गड़बड़ा गई तथा यहां ठंड का असर नहीं हो पाया। अब पश्चिमी विक्षोभ का असर होने से राज्य में उत्तर-पूर्वी हवा का आगमन हो रहा है, जिसमें चार दिन बाद बदलाव होने के आसार बन रहे हैं। इससे ठंड की वापसी होने की गुंजाइश तो है, मगर असर कितना अधिक होगा, यह आने वाले दिन में पता चल पाएगा। मौसम विशेषज्ञों का तर्क है कि प्रशांत महासागर में अलनीनो का असर है, जिसकी वजह से तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना काफी अधिक है। इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है कि इस सीजन में अब राजधानी में कड़ाके की ठंड का असर होगा।

### 15 से नीचे नहीं गया पारा

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार जनवरी में रायपुर का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं जा पाया है। पश्चिमी व्यवधान के अलावा छाने वाले बादल ने अब तक यहां ठंड का असर नहीं होने दिया है। पिछले साल जनवरी में शहर का तापमान 10 डिग्री तक उतरा था। इस बार शहर का पारा इतना नीचे जाने की संभावना काफी कम नजर आ रही है।

# न्याय यात्रा में शामिल हुए पायलट, बैज और महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





- खड़गे ने राहुल को राष्ट्रीय ध्वज सौंपकर की यात्रा की शुरुआत
- दो पूर्व मंत्री और विधायक भी हुए शामिल

मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत हो गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपकर यात्रा की शुरुआत की। यात्रा में छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया, मोहन मरकाम, विधायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के नेता सोमवार को यात्रा में शामिल होने के बाद लौट आएंगे। यात्रा के दूसरे चरण में फिर इसमें शामिल होंगे। सामाजिक न्याय, बेरोजगारी और महंगाई समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर 14 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 66 दिनों तक यात्रा करेंगे। यात्रा में 15 राज्यों को कवर किया जाएगा। यह यात्रा छत्तीसगढ़ से होकर भी गुजरेगी, जहां कांग्रेस बीते साल विधानसभा चुनाव हार गई। चूंकि अब लोकसभा चुनाव नजदीक है तो उन राज्यों और जिलों को इस यात्रा में कवर करने की कोशिश की जा रही है, जहां 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान पार्टी ने पदयात्रा नहीं की थी। मणिपुर से यह यात्रा नागालैंड, असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा होते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी।

# भिलौनीवासियों ने निकाली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

## घर-घर दिया गया श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण घर-घर पहुंचाने ग्राम भिलौनी में गायत्री परिवार व ग्रामवासियों के द्वारा भव्य यात्रा निकाली गई। रथ में भगवान श्री राम की प्रतिमा व अक्षत कलश को सजाकर गांव में भ्रमण कराते हुए समस्त ग्रामवासियों को निमंत्रण दिया गया। इसके साथ ही नशामुक्ति का संदेश देते हुए ग्रामवासियों को व्यसनमुक्त समाज बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने जागरूक किया गया। गांव की माताओं एवं बहनों के द्वारा आरती पूजन कर सबके कल्याण की प्रार्थना की गई।

- नशासुर को हराने युवाओं को किया जागरूक

जय-जय श्रीराम के नारे के साथ-साथ नशा भारत छोड़ो का नारा गूंजता रहा । नशा मुक्ति गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और नशे से बचने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मण वर्मा, मन्नू वर्मा , कमोद ठाकुर, चंद्रशेखर वैष्णव, खोमराम साहू, अखिलेश यदु, त्रिवेणी वैष्णव, लक्ष्मी नारायण साहू, सुरेंद्र साहू, रामजी साहू के साथ-साथ गांव की महिलाओं एवं बच्चों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान गांव में त्यौहार जैसा माहौल नजर आया।



### बरगा में निकाली गई अक्षत कलशयात्रा

**बेमेतरा।** ग्राम बरगा में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के द्वारा श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम से पहुंचे अक्षत कलश का पूजन करने के लिए ग्राम के सभी गली-मोहल्ले से भ्रमण करते हुए अक्षत कलश को धारण कर अक्षत कलशयात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर पहुंच कर आमंत्रण दिया गया। अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश को लेकर शाम 4 बजे शोभायात्रा रामधुनि के साथ निकाली गई। इस दौरान अक्षत और पत्रक वितरण किया गया एवं सभी ग्रामीणों से आह्वान किया गया की 22 जनवरी को अपने-अपने घर को दिवाली की तरह सजाएं एवं दीपोत्सव मनाएं । इस अवसर पर संयोजक ओम पाल, श्रावण साहू, राजू साहू, भारत साहू, नेतराम साहू, रूपेश साहू, डाकवर साहू, भूषण साहू, दौलत यादव, निलेश पाल, अमित साहू, भागवत साहू, मुकेश पाल, अजय साहू , उत्तम साहू, भुनेश्वर पाल, अजय पाल, भोला साहू, पोषण यादव, आयुष पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005
recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com

Applications are invited for the position of
VICE-CHANCELLOR
A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.

Professor, Associate Professor, Asst. Professor
Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.
Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com
Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.
Registrar
Website : www.bhartiuniversity.org

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क. /अ-2
वर्ष 2023-24

आवेदक सतीश सिंह पिता मदनसिंह मारकण्डेय निवासी ग्राम कूंरा, तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने ग्राम अमलडीहा प.ह.नं. 22 तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं 532/1 रकबा 0.09 हेक्टेयर को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति पेश करना हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 31/01/2024 तक / पूर्व न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नवागढ़, जिला-बेमेतरा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क. /अ-2
वर्ष 2023-24

आवेदक महेन्द्र कुमार वैष्णव पिता सुन्दरदास वैष्णव निवासी ग्राम नारायणपुर तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने ग्राम अमलडीहा प.ह.नं. 22 तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं 532/3 रकबा 0.10 हेक्टेयर को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति पेश करना हो तो अपनी आपत्ति दिनांक 31/01/2024 तक / पूर्व न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नवागढ़, जिला-बेमेतरा

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

Online Booking : www.tripuryatra.com

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 18,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

## श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

| रिजर्वेशन कोच (14 दिन) |
|---|
| 07 मई से 20 मई 2024 |
| 09 मई से 22 मई 2024 |
| 11 मई से 24 मई 2024 |
| 13 मई से 26 मई 2024 |
| 15 मई से 28 मई 2024 |
| 17 मई से 30 मई 2024 |
| 19 मई से 01 जून 2024 |
| 21 मई से 03 जून 2024 |
| 23 मई से 05 जून 2024 |
| 25 मई से 07 जून 2024 |
| 27 मई से 09 जून 2024 |
| 29 मई से 11 जून 2024 |
| 31 मई से 13 जून 2024 |

### चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक।
2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा।
3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल/ लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा।
4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था।
5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

राशि : स्लीपर 22,500/-, 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

स्पेशल ट्रेन से 12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक ( 07 दिन )



स्लीपर मात्र 8,500/-

सबसे कम राशि पर

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

## श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

### स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे।

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-19,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

स्पेशल कोच से -02 मार्च से 12 मार्च 2024, 21 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024
स्पेशल ट्रेन से - 24 जुलाई से 05 अगस्त 2024, 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

| रिजर्वेशन कोच (10 दिन) |
|---|
| 20 फरवरी 29 फरवरी 2024 |
| 23 अप्रैल से 02 मई 2024 |
| 04 जून से 13 जून 2024 |
| 20 अगस्त से 29 अगस्त 2024 |
| 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024 |

ऑफर : राशि स्लीपर रिजर्वेशन कोच 13,500/- स्पेशल कोच / ट्रेन 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

स्पेशल ट्रेन से 02 मई से 08 मई 2024 तक ( 07 दिन )

# माता वैष्णव देवी

स्लीपर मात्र 8,100/-

माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन

राशि : 14,500/- रु., 3एसी-21,500/-, 2एसी-27,100/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 8,100/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

| रिजर्वेशन कोच (14 दिन) |
|---|
| 15 फरवरी से 28 फरवरी 2024 |
| 04 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 |
| 07 मार्च से 20 मार्च 2024 |
| 09 मई से 22 मई 2024 |
| 23 मई से 05 जून 2024 |

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-25,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

रिजर्वेशन कोच - 23 फरवरी से 27 फरवरी 2024, 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024
स्पेशल ट्रेन से 02 जून से 06 जून 2024 तक (05 दिन)

# अयोध्या धाम

स्लीपर मात्र 7,500/-

अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम)

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,500/-, 2एसी-23,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 7,500/- 3 एसी-15,500/-, 2 एसी-17,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

| रिजर्वेशन कोच (11 दिन) |
|---|
| 06 मार्च से 16 मार्च 2024 |
| 03 अप्रैल से 13 मई 2024 |
| 08 मई से 18 मई 2024 |
| 22 मई से 01 जून 2024 |
| 05 जून से 15 जून 2024 |
| 24 जुलाई से 03 अगस्त 2024 |

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

स्पेशल ट्रेन से 04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक ( 06 दिन )

# गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 7,500/-

गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 7,500/- 3 एसी-15,500/-, 2 एसी-20,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधाएं : यात्रा के दौरान - 1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी। 5. जो भी भक्तजन तीर्थ यात्रा करना चाहते हैं ! वह यात्रा की अंतिम तिथि से पहले अपनी बुकिंग करवा ले, क्योंकि मई माह में चार धाम तीर्थ स्थलों पे होटल व बस की बुकिंग फुल हो जाती है और समिति को आपके नाम से रेलवे ट्रेन में टिकट बनवानी रहती है! तो यदि रेलवे में वेटिंग लग जाती है! तो आप अपना यात्रा करने का उद्देश्य पूरा नहीं कर पाएंगे।

सावधान : जो भी भक्तजन तीर्थ यात्रा में जाना चाहते हैं वह अपनी बुकिंग श्री त्रिपुर यात्रा सेवा समिति के बैंक अकाउंट से ही करवाएं या www.tripuryatra.com पे ऑनलाइन करवाएं किसी भी युवक युवती के बहकावे में आकर पर्सनल नाम के अकाउंट में पैसे ना डालें कुछ युवक-युवती कॉल करके फर्जी तरीके से पर्सनल अकाउंट में पैसे डलवा कर ना यात्रा करवाते हैं और पैसे का गबन भी कर लेते हैं। पैसे लेकर अच्छी सुविधा उपलब्ध नहीं कराते, पूरे यात्रा केवल आपको परेशान करते रहते हैं।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योय नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अयथा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा 23 दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**अपने शहर/ गांव/ नगर में फ्रेंचाईजी के लिए संपर्क करें- 7035-411411**

नोट : 1. कृपया www.tripuryatra.com से टूर आईटनरी, नियम व शर्तें को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें। 2. तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षण एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), (एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

समिति की उपलब्धियां -

- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- सात राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, RANCHI : Room No.- 401, Lod Suthiya Shivpuri Kishna Apartment, PATNA : 3rd Floor Shivam Complex Near Bank Of Baroda Bypass Road Khemnichak, Bhagalpur : Flat No 203 Sandis Compound Gate Above Vishal Mega Mart Bhagalpur, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

**संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com**